हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 19 अप्रैल 2024, समय 1305 (5 मिनट))

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव गदपुरी में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया और कहा कि भाजपा किसान हितैषी सरकार है। कांग्रेस पार्टी द्वारा किसानों की अनदेखी की गई जबकि भाजपा सरकार ने सत्ता में आकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू कर किसानों को मजबूत करने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने फसल खराबे के लिए साढ़े 12 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में पहुंचाने का कार्य किया। विजय संकल्प रैली में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, सीमा त्रिखा और पृथला विधानसभा क्षेत्र से विधायक नयनपाल रावत भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने लोगों से जो वादे किए उन्हें पिछले दस वर्षों में पूरा किया गया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जो वादे जनता से किए है उन्हें भी पूरा किया जाएगा।

....

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने हरियाणा में 25 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।

इनेलो ने ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक अभय सिंह चौटाला को कुरुक्षेत्र और हिसार लोकसभा सीट से श्रीमती सुनैना चौटाला को चुनाव मैदान में उतारा है। इनेलो महिला विंग की महासचिव श्रीमती सुनैना चौटाला अभय चौटाला के चचेरे भाई रवि चौटाला की पत्नी हैं।

पार्टी ने अंबाला लोकसभा आरक्षित क्षेत्र से गुरप्रीत सिंह को टिकट दिया है।

....

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अब मंडियों में चक्कर नहीं काटने पड़ते और न ही ट्रालियों में रात गुज़ारनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि अब किसान मोबाइल पर खुद अपनी फसल बेचने का समय निर्धारित करते हैं।

डॉ चौटाला कल हिसार लोकसभा क्षेत्र के जेजेपी पदाधिकारियों और हलका प्रधानों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि अब फसल बिक्री के 48 घंटों में सीधा किसानों के खातों में भुगतान होता है।

श्री अजय चौटाला ने कहा कि किसानों को कांग्रेस राज का वो समय भी याद है जब फसल खराबे के नाम पर 2-2 रुपये के चैक का भुगतान कर उनके साथ भद्दा मज़ाक किया जाता था, जबकि दुष्यंत ने गठबंधन सरकार में रहते खराब हुई फसलों के लिए करोड़ों रूपये मंज़ूर करवा कर किसानों को हर बार सम्मानजनक मुआवज़ा दिलवाया।

....

लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर फ़रीदाबाद ज़िले में कन से 6 जून तक धारा 144 लगा दी गई है।

ज़िलाधीश विक्रम सिंह ने बताया कि आशंका है कि कई विध्वंसक ताकतें अपने भयावह मंसूबों के साथ सक्रिय हो सकती हैं ,जो ज़िले में शांति भंग करने और अनधिकृत रैलियों व धरनों के आयोजन की योजना बनाकर और अन्य आंदोलन के तरीकों का सहारा लेकर आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने का प्रयास करेंगी ।

....

पंचकुला की पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक के नेतृत्व में आम लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण मतदान को लेकर कल शहर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर फ्लैग मार्च किया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि शहर से लगते सीमा नाकों पर विशेष निगरानी की जा रही है । हर प्रकार की अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने हेतु शहर से लगते दो सीमा नाकों पर सी आर पी एफ के साथ मिलकर संयुक्त नाके लगाए गए हैं। इन नाकों के माध्यम से हर व्यक्ति तथा वाहन पर कड़ी नज़र रखी जा रही है ताकि अवैध शराब व अन्य किसी प्रकार की तस्करी न हो। इसके अलावा ज़िले से लगते 9 अंतरराज्यीय नाकों पर पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि इसके अतिरिक्त पुलिस की अलग-अलग टुकड़ियों द्वारा लगातार अपने-अपने अधीन क्षेत्र में गश्त कर रही है।

....

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा नेकल व्याख्यान मंच प्रतियोगिता 2023-2024 के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह सार्वजनिक व्याख्यान प्रतियोगिता, युवा छात्रों के लिए आगे बढ़ने का प्रेरक मंच है। उन्होंने कहा कि यह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रस्तुति कौशल तथा व्यक्तित्व में निखार लाने का कार्य करती है।

मुख्यातिथि के तौर पर बोलते हुए कुलपति ने महाराष्ट्र के रालेगन सिद्वि गांव के विकसित होने की उदाहरण देकर विद्यार्थियों से जीवन में कड़ी मेहनत करने का आह्वान भी किया।

विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन 2005 से किया जा रहा है ।

इस बार की प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. ओमवीर सिंह ने बताया कि तीन चरणों में 18 विषयों पर आयोजित व्याख्यान मंच प्रतियोगिता में 45 विभागों के करीब 3000 विद्यार्थियों ने शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, पर्यावरण, अध्यात्म, भारतीय चिंतन, वास्तुकला, योग की भूमिका, भारतीय संस्कृति एवं मूल्य आदि विषयों पर व्याख्यान दिए, जिसमें विद्यार्थियों को 2 लाख,79 हज़ार, 950 रुपये के पुरस्कार दिए गए हैं।

....